





## एक नजर में

### राज्य स्तर पर शुजालपुर की बेटियों का हुआ चयन



**शुजालपुर, 8 अक्टूबर.** खालपा खंडवा में 8 अक्टूबर से आयोजित होने वाली 69वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा फुटबॉल प्रतियोगिता 17 वर्ष आयु समूह बालिका उज्जैन संभाग टीम के लिए शुजालपुर से उर्वशी परमार, अकाशी परमार, अक्षिता जोशी, त्रुशा परमार एवं कनिका परमार का चयन हुआ. इस चयन पर वरिष्ठ प्रशिक्षक राजेंद्र नायडू, प्राचार्य रजनीश त्रिवेदी, क्रीड़ा प्रभारी गोपाल कारपेंटर, खेल शिक्षक देवेंद्र कुंभकार, आरसी ओझा, ब्रजेश शर्मा, लोकेंद्र सिंह तोमर, संदीप सणस, मनीष रामडिया, किशोर खन्ना, अभिषेक सक्सेना, चेतन परमार, मनोज पाटिल, विरेंद्र परमार, आनंदी परमार, ऋचा योगी, भूपेंद्र परमार, पीडी बैरागी, सुरेश कुमार मालवीय, नरेंद्र परमार, प्रशिक्षक सुशांत परमार, सौरभ कारपेंटर आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी.

### बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया



**शुजालपुर, 8 अक्टूबर.** सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर मंडी के शिशु वाटिका में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रामसलोने मिश्रा एवं उनके टीम के सदस्य संतोष पांडे, विक्रम सिंह परमार, सरस्वती योगी एवं रुकैया ने छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. परीक्षण उपरांत आवश्यकता अनुसार हीमोग्लोबीन, आयरन, फोलिक ऐसिड से संबंधित दवाए वितरण की गई, बच्चों को सिविल अस्पताल आकर एक्सरे करवाने के लिए भी कहा गया. इस अवसर पर शिशु वाटिका प्रधानाचार्य सोनिया वाजार ने डॉ. मिश्रा और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया.

### चल समारोह निकाल किया विजर्सन



**शुजालपुर, 8 अक्टूबर.** सिटी क्षेत्र में टॉकिज के पीछे अम्बे माता चौक पर हर वर्ष दशहरा पर्व उपरांत पांच दिवसीय अम्बे माता ज्योत का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसमें पांच दिनों तक धार्मिक आयोजन व निरंतर ज्योत जलती है. इस कार्यक्रम का समापन शरद पूर्णिमा पर हुआ. इस दौरान सिटी क्षेत्र में अम्बे माता चौक से कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. यह चल समारोह प्रमुख मार्गो से होते हुए जमधड़ नदी पर पहुंचा, जहां पर विधि विधान से विसर्जन किया गया.

### 5 प्रतिशत डीए देने की मांग

**शुजालपुर, 8 अक्टूबर.** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ने दीपावली पूर्व कर्मचारियों को 5 प्रतिशत डीए प्रदान करने की मांग की है. केंद्रीय सरकार और राजस्थान सरकार की तरह प्रदेश सरकार को भी निर्णय करना चाहिए. संगठन मंत्री डॉ. सुशील कुमार गेहलोत ने बताया कि पेंशनरों का दशहरा पर्व तो फीका रहा परंतु दीपावली पर तो मिठास होना चाहिए. डीए देने की मांग बंशीधर पांडे, अध्यक्ष केदार सिंह राजपूत, डॉ. सुशील कुमार गेहलोत, रमेश राजपूत, प्रहलाद सिंह परमार, गोपाल व्यास, विष्णु सोनी, गजराज सिंह जायसवाल, दयाराम मालवीय, चंद्रसिंह ठाकुर, मदन सिंह मेवाड़ा आदि ने की.

### जहरीले पदार्थ के सेवन से ग्रामीण की मौत

**शुजालपुर, 8 अक्टूबर.** पुलिस थाना अवंतिपुर बडोदिया अन्तर्गत ग्राम अरनियाकलां निवासी 50 वर्षीय ग्रामीण ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई. जहरीले पदार्थ के सेवन के पीछे पारीवारिक विवाद होना बताया जा रहा है. पुलिस के अनुसार राजेश पटवा 50 वर्ष निवासी अरनियाकलां को मंगलवार की शाम को सिविल अस्पताल शुजालपुर लाया गया, जहां चिकित्सक ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया. शुजालपुर पुलिस ने शव का परीक्षण कराकर विस्तृत जांच के लिए मामला अवंतिपुर बडोदिया पुलिस को प्रेषित किया.

### वंदना चौहान का सम्मान किया

**शुजालपुर, 8 अक्टूबर.** नेकी की दीवार मिर्ची बाजार पर शिक्षा जगत में लोकप्रिय, सेवाभावी शिक्षिका वंदना अशोक चौहान की सेवानिवृत्ति पर शाल माला पहनाकर सम्मान किया. आप शासकीय शिक्षिका के रूप में 39 वर्ष 1माह तक सेवा देते हुए अपने मधुभाषी स्वभाव के लोकप्रिय रही एवं सामाजिक संगठनों से जोड़कर सेवा कार्य के लिए भी सदैव तत्पर रहती हैं.

# पर्यावरण हित में की बर्तन बैंक की स्थापना

## बजरंग बस्ती में नागरिकों की पहल, पर्यावरण, सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक जागरूकता लाना उददेश्य

**शाजापुर, 8 अक्टूबर. पर्यावरण, सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक जागरूकता का अद्भुत संगम शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर बजरंग बस्ती में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा एक सराहनीय पहल की गई.**

यहां पर मंगलवार मल्हार गार्डन मूलीखेड़ा मार्ग पर शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर बजरंग बस्ती में समाजजनों के सहयोग से बर्तन बैंक का शुभारंभ किया गया. बर्तन बैंक की स्थापना की पहल का उद्देश्य समाज में प्लास्टिक एवं डिस्पोजेबल वस्तुओं के उपयोग को समाप्त करना, स्वच्छता को बढ़ावा देना और पर्यावरण की रक्षा करना है.




**कचरा रहित आयोजन की दिशा में एक बड़ा कदम**

यह बर्तन बैंक स्थानीय नागरिकों के लिए एक सामुदायिक सहयोग केंद्र के रूप में कार्य करेगा. जहां सामाजिक, धार्मिक और पारिवारिक आयोजनों के लिए बर्तन न्यूनतम सहयोग राशि में उपलब्ध होंगे. इससे न केवल आर्थिक बचत होगी, बल्कि कचरा रहित आयोजन की दिशा में एक बड़ा कदम भी साबित होगा. धार्मिक दृष्टि से शरद पूर्णिमा का यह शुभ दिन सेवा, दान और सहयोग की भावना को प्रकट करता है. इस बर्तन बैंक की स्थापना उसी पवित्र भावना से प्रेरित होकर की गई है कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है. इस पहल से समाज में पर्यावरणीय संतुलन, आर्थिक सहयोग, सामाजिक एकता और धार्मिक प्रेरणा चारों का सुंदर संगम देखने को मिलता है.

### पर्यावरण सरंक्षण गतिविधि द्वारा दिया संदेश...

प्रकृति हमारी माता है, उसकी रक्षा करना हमारा धर्म और कर्तव्य दोनों है. सभी नागरिकों से आग्रह है कि वे इस पर्यावरणीय अभियान से जुड़ें और अपने सभी आयोजनों में बर्तन बैंक के बर्तनों का उपयोग करें, ताकि हम एक स्वच्छ, स्वस्थ और संस्कारित समाज का निर्माण कर सकें. इस अवसर पर विशेष रूप से संदीप राठौर, कृष्णकांत पाटीदार, गोपाल प्रजापति, राजेश कारपेंटर, मनोज पाटीदार, प्रकल्प प्रमुख लक्ष्मीचंद पाटीदार, सामाजिक कार्यकर्ता मणिशंकर वर्मा, राजेंद्र प्रजापति, प्रमोद राजपूत, सुरेश चमन, रत्नेश गुप्ता, नगर पर्यावरण संयोजक नवीन चंद्र वर्मा, सह संयोजक चंदन चौहान पर्यावरण प्रेमी सामाजिक कार्यकर्ता और कई वरिष्ठ समाजजन मौजूद रहे.

## भावांतर भुगतान योजना को लेकर कृषि उपज मंडी में हुई बैठक



**मोहन बड़ोदिया, 8 अक्टूबर. अपर प्रबंध संचालक मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल द्वारा के द्वारा दिए निर्देशानुसार सोयाबीन खरीफ 2025 भावांतर भुगतान योजना मंडी के सुचारू संचालन हेतु तहसीलदार मोहन बड़ोदिया दिव्या जैन की अध्यक्षता में दिनांक 8 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से कृषि उपज मंडी के सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया.**

बैठक में भावांतर योजना की जानकारी किसानों को देने और अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए गए. भारतीय किसान संघ ने तहसीलदार को अवगत कराया कि फसल का तौल मंडी प्रांगण में ही किया जाए, जिस पर तहसीलदार ने व्यापारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मंडी में निष्पक्ष रूप से बोली लगाई जाए ताकि किसानों को फसल का उचित दाम मिल सके. इसके उपरांत तहसीलदार ने फसल नीलामी का भी निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान मंडी प्रांगण में मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी, कैंटीन, विद्युत और सिक्यूरिटी गार्ड, सीसीटीवी कैमरे सहित आदि चीजों का निरीक्षण कर सचिव को आवश्यक दिशा निर्देश दिए. बैठक में भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष शंकर कुम्भकार, तहसील मंत्री नरेन्द्र पाटीदार, कृषि उपज मंडी समिति के अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी, मंडी सचिव सतीश कुमार सनोठिया, प्रभारी लेखापाल रविन्द्र परमार, अशोक पाटीदार, सहायक ग्रेड 3 इकबाल मंसूरी सहित कृषक और पत्रकारगण मौजूद रहे.

## भाजपा मंडल की बैठक संपन्न, जीएसटी को लेकर हुई चर्चा

**मक्सी, 8 अक्टूबर.** भारतीय जनता पार्टी मक्सी मंडल की एक महत्वपूर्ण कार्यकारिणी बैठक मंगलवार शाम 4 बजे पाटीदार धर्मशाला में संपन्न हुई. बैठक में प्रमुख वक्ता के रूप में जिले के मंत्री आशुतोष श्रीवास्तव उपस्थित रहे. मंच की शोभा भाजपा मक्सी मंडल अध्यक्ष गोविंद गोलू पटेल, महामंत्री मोडसिंह लोधी, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि, मंडल महामंत्री सुनील नानू पंड्या ने बढ़ाई. कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया. कार्यक्रम का संचालन मोडसिंह लोधी ने किया. मुख्य वक्ता आशुतोष श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में जीएसटी की दरों को लेकर विस्तार से चर्चा की. उन्होंने कहा कि जीएसटी दरें गरीबों के लिए 8 फीसद तथा अमीरों के लिए 18 फीसद निर्धारित हैं, जिससे व्यापारियों समेत समाज के सभी वर्गों को लाभ मिलेगा. इस दौरान मोडसिंह लोधी ने स्वदेशी अपनाओ का संदेश दिया. वरिष्ठ कार्यकर्ता रामप्रसाद पाटीदार ने कहा कि जीएसटी की दरें सभी वर्गों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी. बैठक में मंडल मंत्री दयाराम मंडलोई, ओम चौधरी, दिलीप लोधी, विष्णु पाटीदार, अशोक लोधी, मोहसिन खान, पार्षद प्रतिनिधि मुकीम खान, कृष्ण भावसार, संजय नागर, मधुसूदन पटेल, प्रमोद मेहता, मनोज पटेल आदि मौजूद थे.

## हैंडबॉल में उज्जैन तो कबड्डी में इंदौर विजेता

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का समापन हुआ



**शुजालपुर, 8 अक्टूबर. शहर में जारी राज्य स्तरीय शालेय हैंडबॉल व कबड्डी प्रतियोगिता का समापन बुधवार को पुरूस्कार वितरण के साथ हुआ. हैंडबॉल बालक वर्ग में उज्जैन संभाग तो कबड्डी के बालक वर्ग में इंदौर विजेता रहा. ओवर आल चैम्पियनशीप इंदौर संभाग ने जीती.**

बता दे शुजालपुर में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 4 अक्टूबर से प्रारंभ हुई थी, जिसमें 10 संभाग से लगभग 700 खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए अनुशासित रूप से अच्छे खेल का प्रदर्शन किया. प्रतियोगिता के मैच सीएम राइज विद्यालय एवं सिटी बालक विद्यालय मैदान में हुए. हैंडबॉल बालक वर्ग में उज्जैन ने रीवा को फाइनल में हराकर विजेता रही, दूसरे स्थान पर रीवा व तीसरे नम्बर पर इंदौर संभाग रहा. बालिका वर्ग में ग्वालियर संभाग, उपविजेता जबलपुर व जनजाति विभाग तीसरे स्थान पर रही. उधर कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में इंदौर ने उज्जैन को हराकर प्रतियोगिता अपने नाम पर की और तीसरे स्थान पर जनजाति विभाग रहा. बालिका वर्ग में भोपाल को हराकर इंदौर ने पहला स्थान प्राप्त किया और तीसरे स्थान पर ग्वालियर संभाग रहा.

### समर्थ रहा बेस्ट गोलकीपर...

प्रतियोगिता का पुरूस्कार वितरण अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निमेष देशमुख सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ. जिसमें विजेता व उपविजेता टीम सहित व्यक्तिगत पुरूस्कार भी प्रदान किए गए. हैंडबॉल में इंदौर संभाग के समर्थ को बेस्ट गोलकिपर, रीवा के शिवांशु को बेस्ट प्लेयर, बालिका वर्ग में ग्वालियर की अनोखी को बेस्ट गोलकिपर व उज्जैन की सृष्टि यादव को बेस्ट प्लेयर का खिताब दिया गया. उधर कबड्डी बालक वर्ग में उज्जैन संभाग के विनायक को बेस्ट रेडर व इंदौर के अंगद चौहान को बेस्ट डिफेंडर, बालिका वर्ग में इंदौर संभाग की धनशिखा गुर्जर को बेस्ट रेडर एवं भोपाल संभाग की जागृति को बेस्ट डिफेंडर का पुरूस्कार प्रदान किया गया.

## हाईवे फिर हुआ जाम, देर रात से शाम तक गुत्थम, गुत्था होते रहे वाहन

### मंडी में हुई लगभग 60 हजार क्विंटल प्याज की आवक, बरवाल से मंडी तक पहुंची वाहनों की कतार

**शाजापुर, 8 अक्टूबर. कृषि उपज मंडी में इन दिनों वाहनों की लंबी कतार लग रही है, जो जाम का भी कारण बन रही है. बुधवार को भी रात से मंडी के बाहर लगी वाहनों की कतार सुबह तक टंकी चौराहा तक पहुंच गई, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. पुलिस प्रशासन द्वारा भी वाहनों को नियंत्रित करने के लिए खासी मशक्कत करना पड़ी, लेकिन शाम तक वाहनों की कतार लगी रही.**

गौरतलब है इन दिनों मंडी में किसान प्याज लेकर पहुंच रहे है. पिछले कई दिनों से यह सिलसिला चला आ रहा है. एक दिन पहले भी जाम के कारण एक ट्रैक्टर की टक्कर से प्याज से भरा एक लोडिंग वाहन नहर मे जा गिरा था. इसके बाद मंगलवार रात से फिर किसान प्याज लेकर मंडी पहुंचे. मंडी प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को मंडी में करीब 60 हजार क्विंटल प्याज की आवक हुई. इसके लिए किसान रात से ही अपने वाहन लेकर मंडी पहुंचने लगे थे, जिसके चलते देखते ही देखते वाहनों की कतार लंबी हो गई. जो मंडी से टंकी चौराहा तक पहुंच गई और दूसरी तरफ वाहनों की कतार बरवाल घाटी से भी आगे तक निकल गई. जब जगह नहीं बची तो शेष वाहनों को बमोरी रोड पर डायवर्ट किया गया. जबकि अन्य वाहनों को शहर में आने के लिए बायपास से डायवर्ट किया.

**बायपास से निकले स्कूली वाहन**

बरवाल जोड़ और मंडी से लेकर धोबी चौराहा के बीच स्थित स्कूलों के वाहन चालकों को भी जाम के कारण अपना रास्ता बदलना पड़ा. क्योंकि रात से शुरू हुई वाहनों की कतार शाम तक लगी रही. जिसके चलते बच्चों की छुट्टि होने के बाद जब वाहन निकले तो उन्हें बायपास से होकर



गुजरना पड़ा. जिसके चलते बच्चे कुछ देर से अपने घर पहुंचे. इधर पुलिसकर्मियों को भी वाहनों को नियंत्रित करने व जाम खुलवाने के लिए देर तक कड़ी मशक्कत करना पड़ी.

## विभिन्न प्रस्तुतियों के बीच दीक्षा दिवस मनाया

**शुजालपुर, 8 अक्टूबर.** परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर महाराज से दीक्षित एवं नवाचार्य समय सागर महाराज के अज्ञानुवृति शिष्य पूज्य मुनिश्री 108 निर्णय सागर महाराज का 29 वां दीक्षा दिवस दिगंबर जैन मंदिर विद्या वाटिका पर अत्यंत भक्ति भाव पूर्वक मनाया गया. मुनिश्री की दीक्षा 29 वर्ष पूर्व सिद्ध क्षेत्र नेमावर में हुई थी, आपका जन्म सिरोंज तहसील के मुरारिया ग्राम में हुआ. दीक्षा समारोह में बेगमगंज, सिरोंज, मुरारिया, गैरतगंज, सागर, आष्टा, अकोदिया, सिलवानी, कटनी, पहाड़ी एवं अन्य नगरों से श्रावक पहुंचे. कार्यक्रम का प्रारंभ में प्रात: अभिषेक शांतिधारा एवं नित्य नियम पूजन के साथ ही आचार्य श्री की पूजन की गई, दोपहर 2 बजे दीक्षा दिवस कार्यक्रम का हुआ. जिसमें मंगलाचरण भोपाल से आई रुचि निश्चय जैन द्वारा किया गया. आचार्य श्री विद्यासागर पाठशाला मंडी एवं ब्रज नगर की बालक बालिकाओं द्वारा मधुर एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए एवं वैराग्य वर्धक नाटिका प्रस्तुत की. मुनिश्री निर्णय सागर महाराज के वैराग्य की महिमा का विस्तृत वर्णन सिरोंज से आए प्रवीण जैन ने किया, स्थानीय पाठशाला के शिक्षक अवध किशोर ने मुनि श्री उपकारों का वरण किया. इस अवसर पर श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट द्वारा मुनि श्री की ग्रहस्त अवस्था की माताजी का अभिनंदन किया.


**In The Court Of XII Additional Motor Accident Claims Tribunal, District Court, Gwalior**

Presiding Officer: अनुज कुमार मित्तल

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(MACC/0001869/2022)

सरिता देवी......वादी

Vs

नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड.....प्रतिवादी

Process Id-250/2023

पेशी दिनांक :- 29/10/2025

प्रेषिती-

(1) सादिक खान पिता हामिद खान पता- मुल्लाखेड़ी थाना कोतवाली जिला शाजापुर

यह कि प्रार्थी सरिता देवी ने आपके विरूद्ध के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें यह आज तारीख 27 September 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

न्यायाधीश
अनुज कुमार मित्तल ]
द्वादशम मोटर दुर्घटना दावा
अधिकरण ग्वालियर म.प्र.

टिप्पणी:-
कृपया ध्यान:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।


## गोमुख स्मृति टोनसर को विधायक ने दिया 1 लाख रूपये का पुरस्कार

**शाजापुर, 8 अक्टूबर.** महामंडलेश्वर 1008 श्री उत्तम स्वामी जी महाराज के मार्गदर्शन में एवं शाजापुर जिले के पूर्व संगठन मंत्री तपन की भौमिक के सान्निध्य में संचालित समर्पण सेवा समिति सलकनपुर द्वारा शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया था. जिसमें शाजापुर जिले के पूर्व जिला प्रचारक एवं भाजपा के प्रदेश सह संगठन मंत्री भगवत शरण माथुर की स्मृति में नर्मदा मैया के तट पर परिक्रमा यात्रियों की सेवा करने वाली खरगोन जिले की संस्था गो मुख स्मृति टोनसर को प्रथम पुरस्कार 1 लाख रुपए का पुरस्कार शाजापुर विधायक अरुण भीमावद की ओर से दिया. कार्यक्रम में उत्तम स्वामी जी महाराज के भक्त आलोक गुप्ता, गोविंद नायक, महेश परमार, महेश भावसार आदि उपस्थित थे.

**एक नजर में** — मद्य निषेध सप्ताह का वायुसेना दिवस पर किया गया आयोजन

## रन फार अवर सोल्जर्स की थीम पर मिनी मैराथन में युवाओं ने लिया हिस्सा

**शाजापुर, 8 अक्टूबर. मद्य निषेध सप्ताह के समापन एवं वायुसेना दिवस पर भूतपूर्व सैनिक संगठन शाजापुर, अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ शाजापुर, पवित्र वसुधा आनंद क्लब शाजापुर के संयुक्त तत्वावधान में मिनी मैराथन का आयोजन किया गया.**

मैराथन की थीम रन फार अवर सोल्जर्स रही. साथ ही नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत युवाओं को नशे से बचाने हेतु जन जागरण के रूप में इसे प्रस्तुत किया गया. अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग के आव्हान पर वर्ष भर युवाप्रकोष्ठ के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं. मैराथन में यादव फिजिकल एकेडमी के प्रशिक्षणार्थी, भूतपूर्व सैनिक एवं अन्य नगर वासियों ने भाग लिया.



**भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के जयकारों से गूंज उठा**

अंत में अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ प्रतिनिधि एवं मास्टर वालिंटियर मनोज कुमार जायसवाल ने सभी को व्यसन मुक्ति के पोस्टर हाथ में देकर स्वयं के साथ भारत देश एवं युवा पीढ़ी को नशा मुक्त करने का सामुहिक संकल्प दिलाया. इसके बाद स्टेडियम, भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के जयकारों से गूंज उठा. मैराथन के प्रतिभागियों एवं उपस्थित जनों के लिए स्वास्थ्य वर्धक अंकुरित अनाज, फल एवं प्राकृतिक रसाहार की व्यवस्था आयोजकों द्वारा की गई. कार्यक्रम के समापन के बाद गायत्री परिवार के युवा कार्यकर्ता मनीष शर्मा, देवेन्द्र प्रजापति, अभिषेक सिलोदिया, यश दायमा के मार्गदर्शन में सभी ने श्रमदान कर कार्यक्रम स्थल की सफाई की और स्वच्छता एक नैतिक दायित्व है का संदेश दिया.

### पांच किलोमीटर की हुई मैराथन दौड़...

मैराथन को झंडा दिखाकर विधिवत शुरुआत सेवानिवृत्त वायुसेना अधिकारी एवं गायत्री परिवार प्रमुख ट्रस्टी वारंट ऑफिसर प्रदीप कुमार वैद्य ने की. भूतपूर्व सैनिक संगठन से सूबेदार मेजर नारद उपाध्याय, सूबेदार कैलाशनारायण आर्य, पैरा कमांडो नरेन्द्र विश्वकर्मा, सीआरपीएफ एसआई गिरिराज पाटीदार, युवा प्रकोष्ठ शाजापुर जिला संयोजक प्रदीप कुमार जायसवाल, कोच अरुण यादव साथ रहे. सभी प्रतिभागियों ने लगभग 5 किलोमीटर का रूट तय कर पुन: स्टेडियम ग्राउंड में प्रवेश किया. मैराथन में पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान सोनू राजपूत, द्वितीय स्थान अजय कुशवाह, तृतीय स्थान अभय कारपेंटर ने एवं महिला वर्ग में प्रथम स्थान जय पाटीदार, द्वितीय स्थान दीक्षा नाथ ने प्राप्त किया. अंडर 14 में प्रथम प्रियांशु गवली, अंडर 40 में प्रथम पलाश धनोतिया, 40 प्लस में विशेष प्रतिभागी के रूप में एलडीएम विनोद कुशवाह एवं पटवारी नरेन्द्र गवली ने उत्साहवर्धन हेतु सहभागिता की. सभी चयनित प्रतिभागियों को मैडल प्रदान कर अथितियों द्वारा सम्मानित किया गया.